हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, सोमवार 23 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 29 .8 डिग्री
न्यूनतम 10 .4 डिग्री

11 नवचंडी महायज्ञ के वार्षिक उत्सव में...



12 रक्तदान शिविर में 122 यूनिट रक्त किया एकत्रित



# सारंग रोड रेलवे अंडरपास के नीचे भरा गंदा पानी, दो हिस्सों में बंटा शहर, दुकानदार व आमजन परेशान

■ शहर के दूसरी तरफ जाने के लिए वाहन चालकों व राहगीरों को गोहाना रोड फ्लाईओवर से लगाना पड़ रहा लंबा चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

शहर में करीब तीन दशक से सारंग रोड के पास बना रेलवे अंडरपास लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। सारंग रोड पर रेलवे पार्क के पास बने रेलवे अंडरपास कई दिन से दूषित पानी से ओवरफ्लो होने के कारण शहर दो हिस्सो में बट चुका है, लेकिन आज तक किसी नेता व अधिकारियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया है। ऐसे में वाहन चालकों व राहगीरों को आवागमन में परेशानी झेलनी पड़ रही है। शहरवासियों को दूसरी तरफ जाने के लिए गोहाना रोड फ्लाईओवर से लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है। इससे शहर के प्रमुख मार्गों पर दिनभर जाम की स्थिति बन रही है। करीब 20 साल से शहरवासी आए दिन रेलवे अंडरपास में दूषित पानी के होने वाले जलभराव का दंश झेल रहे हैं। शहरवासी करीब 20 साल से इस समस्या के स्थायी समाधान की गुहार लगा रहे हैं। बता दें कि करीब तीन दशक पहले रेलवे ने सारंग रोड पर रेलवे अंडरपास का निर्माण करवाया था।

■ शहर का 20 वर्ष पुराना मुद्दा, नगर निगम की ओर से समस्या का आज तक नहीं कराया गया स्थायी समाधान

## सीवरेज लाइन में लीकेज

इसी दौरान जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से सीवरेज व्यवस्था के लिए लाइन बिछवाई गई थी। समय बीतने के साथ सीवरेज लाइन अब कई जगह से गलने के कारण लीकेज हो रही है। इसी कारण अंडरपास में समय-समय पर दूषित जलभराव की समस्या बनी रहती है। करीब एक सप्ताह से अंडरपास में भरा दूषित पानी अब ओवरफ्लो होकर आसपास बनी दुकानों तक पहुंच चुका है। अंडरपास के दोनों ओर कई दिन से लगा कूड़े का ढेर अब सड़क पर फैल चुका है। इससे दुकानदारों के कामधंधे की चौपट हो रहे हैं।



सोनीपत। सारंग रोड स्थित रेलवे अंडरपास के पास दुकानों के बाहर तक फैला दूषित पानी व कचरा।

अंडरपास में फंसी कार



मुश्किल में बाइक सवार युवक



## दुकानदार कामधंधे छोड़ जता चुके नाराजगी, नहीं हुआ समाधान

काफी समय से दूषित पानी भरने की समस्या का समाधान नहीं होने के कारण स्थानीय दुकानदार मई 2025 में अपने कामधंधे छोड़ धरना देकर सरकार व प्रशासन के खिलाफ रोष जता चुके हैं। इसके बावजूद प्रशासन की ओर से समस्या का स्थायी समाधान नहीं करवाया गया है। यही कारण है कि हर माह यहां लाइन लीकेज होने के कारण दूषित जलभराव हो रहा है। दुकानदारों ने बताया कि रेलवे अंडरपास के नीचे काफी वर्ष से दूषित पानी भरा रहता है। कई बार दूषित पानी दुकानों तक आ जाता है। इसके कारण दुकानदारों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। निकासी की अव्यवस्था के चलते, मच्छर-मक्खी पनपने के कारण कई दुकानदार बीमार हो चुके हैं। दुर्गंध के कारण दुकानदारों का दुकानों पर बैठना मुश्किल हो जाता है।

## इन मार्गों पर दिनभर जाम की स्थिति



सारंग रोड अंडरपास में जलभराव होने के कारण वाहन चालकों की परेशानी बढ़ चुकी है। ऐसे में वाहन चालकों को लंबा रास्ता तय कर गोहाना रोड फ्लाईओर से शहर के दूसरे हिस्से में आवागमन करना पड़ रहा है। शनिवार को भी दिनभर अंडरपास से आवाजाही ठप रही। इससे गोहाना रोड फ्लाईओवर, गीता भवन चौक, रेलवे रोड, गुरुद्वारा रोड, देवीलाल चौक तक जाम की स्थिति बनी रही।

## निकासी के लिए 1995 में बनाया गया था डिस्पोजल पंप

सारंग रोड स्थित रेलवे अंदरपास से दूषित पानी की निकासी के लिए वर्ष 1995 में डिस्पोजल पंप बनाया गया था। इसके बाद से यहां कभी डिस्पोजल पंप पर बार-बार पानी भरने से मोटरें जलने, तो कभी सीवरेज लाइन लीकेज होने की समस्या बनी रहती है। इससे अंडरपास में दूषित पानी का जलभराव होना अब आम बात होने लगी है, लेकिन नगर निगम ने आज तक समस्या का स्थायी समाधान करवाने की जहमत नहीं उठाई है। लोगों की मांग है कि पुरानी लाइनों को बदलवाकर उनकी समस्या का जल्द समाधान करवाया जाए। वहीं दुकानदारों का कहना है कि गंदगी के चलते उनका व्यापार लगभग चौपट हो चुका है।

## ये बोले शहरवासी

### वाहन चालक गंदे पानी में फंस रहे



सारंग रोड स्थित रेलवे अंडरपास से रोजाना हजारों वाहन चालकों का आवागमन लगा रहा है। अंडरपास में करीब एक सप्ताह से दूषित पानी भरा हुआ है। यहां से गुजरते समय चालकों के वाहन बीच पानी में फंस रहे हैं, लेकिन अधिकारियों का लोगों की समस्या पर कोई ध्यान नहीं है।
-अमित कुमार, शहरवासी

### सड़क पर कचरा फैला कोई सुनवाई नहीं



रेलवे अंडरपास में दूषित पानी का जलभराव होने के साथ दोनों ओर सड़क पर कचरा फैला हुआ है। कचरे के उठान में भी लापरवाही बरती जा रही है। चुका है। स्थानीय लोगों को बीमारी फैलने का अंदेशा बना रहता है। शिकायत करने के बावजूद लोगों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। -अंकित, शहरवासी

**जल्द समाधान करेंगे** : सारंग रोड के पास बने रेलवे अंडरपास में सीवरेज लाइन ज्यादा पुरानी व लीकेज होने के कारण जलभराव की स्थिति बनी है। नगर निगम की ओर से सप्ताह में 3 बार लाइन को ठीक करवाया जा चुका है। शनिवार को पानी निकालने के लिए 2 मोटर लगाई गई हैं। -सुरेश लोहान, एसडीओ, नगर निगम, सोनीपत

## खबर संक्षेप

### भावड़ में किसानों के खेत से ट्रांसफार्मर चोरी



**गोहाना।** भावड़ से दो किसानों के खेतों से ट्रांसफार्मर चोरी कर लिए गए। बिजली निगम के कथूरा सब डिवीजन के एसडीओ कपिल यादव की शिकायत पर बरोदा थाना में केस दर्ज किया गया। सुरेंद्र और रमेश ने अपने खेतों में सिंचाई के लिए बिजली कनेक्शन लिया हुआ है। निगम द्वारा दोनों किसानों के खेतों में ट्रांसफार्मर लगाए थे। चोरों ने ट्रांसफार्मर चोरी कर लिए। किसानों द्वारा शिकायत देने पर जेई राहुल ने मौके पर पहुंचकर जांच की और एसडीओ को रिपोर्ट दी। ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर चोरी पर चिंता जताते हुए, पुलिस ने मामले में सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पुलिस को क्षेत्र में गश्त बढ़ानी चाहिए,ताकि आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर लगाम लग सके।

### पूठी से सोलर कनेक्शन व तार चोरी, केस दर्ज

**गोहाना।** गांव पूठी के किसान कृष्ण कुमार के खेत में सिंचाई के लिए लगाए गए सोलर कनेक्शन से तार व कनेक्टर चोरी कर लिया। उसकी शिकायत पर सदर थाना में केस दर्ज किया गया। उसने पुलिस को बताया कि उसके ड्रेन आठ के नजदीक खेत में सोलर कनेक्शन लगा हुआ है। चोरों ने यहां से लगभग 160 फीट लंबी तर और सोलर प्लेट के सभी कनेक्टर चोरी कर लिए। उसने अपने स्तर पर सामान की तलाश की लेकिन सुराग नहीं लगा।

### महिलाओं को लगाई एचपीवी वैक्सीन

सोनीपत। महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण और जागरूकता को समर्पित सामाजिक संस्था सेफ इंडिया फाउंडेशन द्वारा अपने एचपीवी वैक्सीन कार्यक्रम के अंतर्गत 5 महिलाओं को निःशुल्क वैक्सीन लगवाई गई। संस्था के प्रधान संजय सिंगला, चेयरमेन वाई के त्यागी ने बताया कि सामाजिक उद्देश्यों एवं व्यक्तिगत गोपनीयता को ध्यान में रखते हुए लाभार्थी महिलाओं के नाम और पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी गई है। प्रोजेक्ट इंचार्ज एडवोकेट अरविंद मित्तल ने बताया कि बच्चेदानी का कैंसर, जिसे सर्वाइकल कैंसर भी कहा जाता है, महिलाओं में होने वाले प्रमुख कैंसरों में से एक है। यह प्रायः ह्यूमन पैपिलोमा वायरस संक्रमण के कारण होता है। प्रारंभिक अवस्था में इसके लक्षण स्पष्ट नहीं होते, इसलिए नियमित जांच और समय पर टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है। संस्था ने भविष्य में टीकाकरण का संकल्प लिया।

## ईको की टक्कर से सड़क किनारे खड़ा युवक घायल

**गन्नौर।** खुबडू रोड स्थित शेखपुरा चौक के पास एक ईको कार की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। गांव माजरी निवासी रोहित ने थाना गन्नौर में दी शिकायत में बताया कि 13 फरवरी को वह और अजय कुमार कांवड़ लेने हरिद्वार गए थे। 15 फरवरी की सुबह दोनों बाइक से गांव लौट रहे थे। शेखपुरा चौक के पास रोहित के उतरने के दौरान खुबडू की ओर से तेज रफ्तार ईको कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

### हादसे के बाद चालक फरार

हादसे में अजय कुमार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोप है कि चालक मौके से फरार हो गया। घायल को रोहतक के एक निजी ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है।

## फर्जी एस-1 प्रशिक्षण प्रमाणपत्र पर बनवाया शस्त्र लाइसेंस, केस दर्ज

**गन्नौर।** जाली एस-1 प्रशिक्षण प्रमाणपत्र के आधार पर शस्त्र लाइसेंस प्राप्त करने का मामला उजागर होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। गांव खिजरपुर अहीर निवासी मंजीत सिंह ने वर्ष 2025 में सरल पोर्टल के माध्यम से नया शस्त्र लाइसेंस जारी करने के लिए आवेदन किया था। नियमों के तहत एस-1 प्रशिक्षण प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होता है।

■ मंजीत सिंह ने 2025 में सरल पोर्टल के माध्यम से शस्त्र लाइसेंस के लिए आवेदन किया था

■ एसपी हिसार कार्यालय से प्राप्त सूचना में दस्तावेज को अप्रमाणिक बताया, कार्रवाई की तैयारी

### ये था मामला

पुलिस सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 29 जुलाई 2025 को संबंधित प्राधिकरण द्वारा लाइसेंस जारी कर दिया गया था। बाद में लाइसेंस प्राधिकरण ने जारी किए गए लाइसेंसों के प्रशिक्षण प्रमाणपत्रों को संबंधित केंद्रों से सत्यापित करवाने की प्रक्रिया शुरू की। जांच के दौरान मंजीत द्वारा जमा कराया गया प्रमाणपत्र फर्जी पाया गया। एसपी हिसार कार्यालय से प्राप्त सूचना में दस्तावेज को अप्रमाणिक बताया गया। मामले को गंभीर मानते हुए डीसीपी मुख्यालय सह शस्त्र लाइसेंस प्राधिकरण ने लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

साथ ही थाना गन्नौर को केस दर्ज कर जांच के निर्देश दिए गए। शस्त्र लाइसेंस शाखा, सीपीओ राय के इंचार्ज एएसआई फिरोज खान की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## प्लास्टिक दाने की फैक्ट्री में भीषण आग लगी

**गन्नौर** । शहर के बड़ी औद्योगिक क्षेत्र फेज-2 में स्थित प्लॉट नंबर 546 पर संचालित एक प्लास्टिक दाना निर्माण इकाई में देर रात भीषण आग भड़क उठी। आग लगते ही परिसर से घना धुआं निकलने लगा और कुछ ही देर में लपटों ने पूरी यूनिट को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के समय मौजूद कर्मचारियों ने तुरंत बाहर निकलकर जान बचाई और आसपास के उद्योगों को भी सतर्क किया। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। प्रारंभिक प्रयासों के बावजूद प्लास्टिक कच्चे माल के कारण आग तेजी से फैलती चली गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए गन्नौर के अलावा सोनीपत, राई और अन्य नजदीकी क्षेत्रों से भी दमकल की गाड़ियां बुलाई गईं। मौके पर करीब आठ से दस फायर टेंडरों ने घंटों मशक्कत कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया।

■ आगजनी होने पर फैक्ट्री के कर्मियों ने भाग कर जान बचाई, जांच शुरू

■ आग ने पास की फैक्ट्री को भी चपेट में लिया, देर रात आग बुझाने में जुटे रहे





### तेजी से फैलती गई आग

आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि समीप स्थित प्लॉट नंबर 547 की फैक्ट्री भी इसकी चपेट में आ गई। हालांकि दमकल कर्मियों की तत्परता से वहां फैलती आग को समय रहते रोक लिया गया, जिससे बड़ा नुकसान टल गया। घटना में भारी आर्थिक क्षति की आशंका जताई जा रही है। देर रात तक राहत एवं बचाव कार्य जारी रहा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सोनीपत रेलवे स्टेशन पर जल्द शुरू होगा लिफ्ट का काम

अमृत भारत स्टेशन परियोजना के तहत 29 करोड़ रुपये से हो रहे विकास कार्य

# 4.50 करोड़ से बन रहे नए फुट ओवरब्रिज का निर्माण अंतिम चरण में, शेड का काम पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सोनीपत स्टेशन पर बनाए जा रहे नए फुट ओवरब्रिज का निर्माण अंतिम चरण में है। फुट ओवरब्रिज पर गोलाकार के शेड लगाने का काम पूरा हो चुका है, जल्द ही सीढ़ियां लगाने का कार्य पूरा करने के बाद लिफ्ट लगाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। फुट ओवरब्रिज पर लिफ्ट लगाने के लिए पिलर तैयार कर लिए गए हैं। रेलवे स्टेशन पर नए फुट ओवरब्रिज का निर्माण करने की जिम्मेदारी जालंधर की कंपनी को सौंपी गई है, मार्च तक कार्य पूरा करने का लक्ष्य है। ग्रेड श्रेणी में शामिल सोनीपत स्टेशन पर फिलहाल एकल फुट ओवरब्रिज होने से ट्रेनों के ठहराव के समय यात्रियों की भीड़ बढ़ जाती है। अमृत भारत स्टेशन परियोजना के तहत सोनीपत स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए एक और 12 मीटर चौड़े फुट ओवरब्रिज के निर्माण पर करीब 4.50 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जा रही है। फुट ओवरब्रिज पर शेड लगाने का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। अब केवल सीढ़ियों पर शेड लगाना शेष रह गया है। इससे यात्रियों के लिए सुविधा बढ़ने के साथ धूप व बारिश से भी बचाव हो सकेगा। शेड लगाने के बाद फुट ओवरब्रिज के साथ सीढ़ियां बनाने का कार्य शुरू कर दिया है। लिफ्ट लगाने के लिए पिलर खड़े कर लिए गए हैं। फुट ओवरब्रिज से यात्री प्लेटफार्म नंबर एक से सभी प्लेटफार्म पर आसानी से पहुंच सकेंगे। साथ ही फुट ओवरब्रिज की सीढ़ियां को दूसरे प्रवेश द्वार की तरफ भी उतारा जाएगा। नए फुट ओवरब्रिज से यात्रियों को सुविधा मिलेगी।



### स्टेशन पर सुविधओं का हो रहा विस्तार

सोनीपत स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन परियोजना के तहत आवश्यकतानुसार भवन व अन्य सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। यात्रियों के लिए एक और नए फुट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है। सभी कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।
-पुष्पेश रमण त्रिपाठी, रेल प्रबंधक (डीआरएम), दिल्ली मंडल

### 36 लाख लगेंगी चार लिफ्ट

दैनिक यात्री कई वर्ष से स्टेशन परिसर में खासकर बुजुर्गों व यात्रियों की सुविधा के लिए लिफ्ट लगवाने की मांग करते आ रहे थे। यात्रियों की मांग पूरी होने पर रेलवे स्टेशन पर पहुंचने वाले खासकर बुजुर्गों, दिव्यांग, महिला यात्रियों व बच्चों को जल्द सामान लेकर सीढ़ियां चढ़ने के झंझट से मुक्ति मिलेगी। योजना के तहत प्रस्तावित स्टेशन के सभी प्लेटफार्म पर करीब 36 लाख रुपये से चार लिफ्ट लगवाई जाएंगी। पांच स्वचालित सीढ़ियां लगने से यात्रियों को भारी सामान एक से दूसरे प्लेटफार्म पर ले जाने में सहूलियत होगी।

### करीब 40 हजार यात्रियों को मिलेगा फायदा

सोनीपत स्टेशन से रोजाना दिल्ली-अंबाला रूट पर करीब 40 हजार यात्री आवागमन करते हैं। स्टेशन पर एक दशक में रेल यात्रियों की संख्या में करीब 40 फीसदी तक इजाफा हुआ है। यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन परियोजना के तहत 29 करोड़ रुपये की राशि से विभिन्न विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यात्रियों को सोनीपत स्टेशन पर आधुनिक सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए 6 अगस्त 2023 को वर्चुअल माध्यम से पुनर्विकास की आधारशिला रखी थी। रेलवे स्टेशन पर आधुनिकता के हिसाब से नवीनीकरण के कार्य किए जा रहे हैं। साथ ही नई तरह के शेड लगाने का काम जारी है, ताकि धूप व बारिश के दौरान यात्रियों का बचाव किया जा सके। शेड के लिए कई जगह पिलर खड़े कर लिए गए हैं, जबकि दो जगह शेड लगाने का कार्य पूरा हो चुका है।

गढ़ी उजाले खां में गैस कटर से तिजोरी काटकर वारदात

# दस लाख की नकदी और लाखों के आभूषण चोरी, नेपाली नौकर वारदात के बाद से गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

गोहाना शहर से सटे गांव गढ़ी उजाले खां में कटर से तिजोरी काटकर चोरी की घटना को अंजाम देने का मामला सामने आया है। चोरी का शक घर के नौकर पर ही है। घर में बुजुर्ग महिला को नशीला पदार्थ सुंघाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेने के बाद घटना की जांच शुरू कर दी है। ग्रामीण अजय सैनी अपने परिवार के दिल्ली अपने भतीते की शादी में गए हुए थे। घर पर उनकी 82 वर्षीय बुजुर्ग माता नान्ही देवी और नौकर अनिल था। अजय सैनी जब रात को करीब ढ़ाई बजे शादी समारोह से घर लौटे तो अंदर पूरा सामान बिखरा पड़ा था और घर में रखी तिजोरी को कटर से काटा गया था और उसमें रखे आभूषण और नकदी चोरी कर ली गई थी।



### कई माह से काम कर रहा था आरोपी

अजय सैनी के अनुसार नौकर नेपाल का रहने वाला है। वह कई महीने से उनके घर में काम कर रहा था। उनके पास नौकर की आईडी भी है जो पुलिस को दे दी गई है। पुलिस अधिकारी मामले की जांच में जुटे है।

### बेहोश मिली मकान मालिक की बुजुर्ग मां

अजय सैनी की बुजुर्ग माता बेहोशी की अवस्था में मिली और नौकर भी घर पर नहीं मिला। घर में अजय सैनी की बाइक भी नहीं मिली। नौकर ने अजय सैनी की मां को नशीला पदार्थ सुंघाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया और बाइक लेकर फरार हो गया। अजय सैनी के अनुसार तिजोरी को कटर से काटने के लिए घर के रसोई गैस सिलेंडर का इस्तेमाल किया गया। तिजोरी से लाखों रुपये के आभूषण और करीब दस लाख रुपये नकदी चोरी कर ली गई। घर के मालिक अजय सैनी द्वारा पुलिस को सूचित किया गया। इसके बाद डीसीपी भारती डबास और एसीपी राहुल देव मौके पर पहुंचे और स्थिति का निरीक्षण किया।

# चौपाल

*किसी भी मनुष्य की इच्छाशक्ति अगर उसके साथ हो तो वह कोई भी काम बड़े आसानी से कर सकता है । इच्छाशक्ति और दृढ़संकल्प मनुष्य को रंक से राजा बना देती है।*

**– महर्षि वाल्मीकि**



*जोगिंदर ने अंगोछे से मुंह पोंछा और तंबाकू की पीक निगलता हुआ बोला, "बाबूजी ने बहुत बड़ा फ़ार्म हाउस बनवाया है। अब अगले महीने वहीं काम करना है। बाबूजी ने यह भी बोला है, काम अच्छी तरह से किया, तो यहीं पर परमानेंट कर देंगे। छह महीने बाद पगार भी बढ़ा देंगे और रहने को पक्की छत वाला एक कमरा भी बनवा देंगे।"*





कहानी

**विकेश निझावन**

# तितलियां

जोगिंदर देर रात तक सामान बटोरता रहा। कस्सी, खुरपा, दराती और बड़ी वाली कैंची। यह सब तो ठीक, लेकिन किसी और औज़ार की ज़रूरत भी तो पड़ सकती है, जोगिंदर मन ही मन बुदबुदाया। अब इतना भी क्या सोचना। बाबू वहां होगा, उनसे कह देगा। जोगिंदर ने यह बात माया के आगे भी दोहरा दी तो माया खीजती-सी बोली, "तेरे को ये सब भी ले जाने की क्या ज़रूरत। नई जगह है, बाबू अपने-आप नया सामान दिला देंगे।"

"अरी, कैसी बात करती हैं। यह सामान भी तो बाबूजी ने ही दिलाया था। अब हर दिन बाबूजी पैसे ख़र्च करते रहेंगे। जब कोई चीज़ टूट जाएगी, तब कह देंगे उनसे। दीवार की खूंटी से अपनी बनियान उतारता जोगिंदर बोला, "पैसा अपना हो या दूसरे का, इस तरह बर्बाद ना करने का मैं।"

"बस रे हरिश्चंद्र की औलाद। तेरी इसी बुद्धि करके तो मुझे भी नरक-सी जिंदगी जीनी पड़ रही है। पिछले माह देखा, क्या हाल रहा अपना। पूरा दिन नाले की सफ़ाई करते-करते, बदन कोढ़ मारने लगा था। मच्छर, कीड़े मेरी बाजू के ऊपर तक चढ़े आते थे। सूरज को चुन्नी में लपेट पेड़ के नीचे सुला आती थी। यूं कह ले, पेड़ ने ही उसकी रक्षा की।" माया पलभर को रुकी, फिर लंबी सांस भरती बोली, "अब तो पाली दसवीं पास कर ले, उसे कहीं किसी दफ्तर में लगवा दो।"

"किसी दफ्तर में! अफ़सरी करेगा क्या?"

"नहीं जी, अफ़सरी तो नहीं कह रही मैं। चपरासीगीरी तो कर ही लेगा।"

जोगिंदर ने ठंडी सांस भरी, फिर बोला, "तेरी बात तो ठीक है री, परंतु मैं कुछ और सोचूं।"

"तो अब तू क्या सोचे?"माया उतावली-सी होती बोली।

"मैं सोच रहा हूं, अगर वह दस पास कर सकता है, तो बारह भी पास कर लेगा। और बारह पास को तो सरकारी नौकरी भी मिल जाए।"

"सरकारी नौकरी! हम जैसों को सरकारी नौकरी कौन देगा। अपनी तो कोई न जान-पहचान, न कोई सिफ़ारिश।"

"अरी, अभी दो साल हैं ना! बाबूजी से कहेंगे, वह पहुंच वाले आदमी हैं, और फिर किस्मत पलटते देर ना लगे। अब अपना ही देख ले, कल तक नाले की साफ़-सफ़ाई कर रहे थे, अब कल से बाग़-बग़ीचे की रखवाली करेंगे। मैं तो बाग़-बग़ीचा भी देख आया हूं।"

"तू बाग़-बग़ीचा देख आया, मुझे क्यों नहीं बताया?" माया ने उलाहना भरा।

"अब हर बात के लिए तुझे साथ लेता रहूं?" जोगिंदर ने अंगोछे से मुंह पोंछा और तंबाकू की पीक निगलता बोला, "बाबूजी ने बहुत बड़ा फ़ार्म हाउस बनवाया है। अब अगले महीने वहीं काम करना है। बाबूजी ने यह भी बोला है, काम अच्छी तरह से किया, तो यहीं पर परमानेंट कर देंगे। छह महीने बाद पगार भी बढ़ा देंगे और रहने को पक्की छत वाला एक कमरा भी बनवा देंगे।" माया को तो यक़ीन ही न आया। बोली, "एक बार पहले भी बाबूजी ने बाग़-बग़ीचे में काम दिया था, तब पाली तीन बरस का था।" एकाएक माया का चेहरा खिल-सा आया। हंसते हुई बोली, "पाली के बचपन के साल तो वहीं निकले थे।"

"याद है कैसे भाग-भागकर तितलियां पकड़ा करता था।"

जोगिंदर भी मुस्कुरा दिया, "हां, याद है मुझे। पर तुझे यह भी याद है, हर रोज़ वह दो-चार तितलियां अपनी स्कूल की कॉपी-किताबों के बीच दबा दिया करता था।"

"मैं कैसे भूल सकती हूँ।" माया उदास होती बोली, "उसकी मैडम ने ही बताया था। मुई कहती थी, तुम्हारा बेटा बड़ा होकर 'क्रिमिनल' बनेगा। उस वक्त मुझे इस शब्द का क्या पता था। मैंने सोचा, कोई अच्छी बात कह रही होगी, लेकिन जब बाद में पाली ने इसका मतलब बताया तो मैंने उसे चांटा लगा दिया था। अरे, पहले बताया होता, तो मैं उस मुई का मुंह नोच लेती।"

"हां!"जोगिंदर भी आक्रोश से भर आया था। मुट्ठियां भींचता बोला, "तभी तो हमने पाली को उस स्कूल से निकाल लिया था। अब देख, सरकारी स्कूल में ही सही, पास तो होता चला आया है। बुरा समय तो बीत गया। छह महीने बाद पाली दस पास कर लेगा, और बाबूजी के बग़ीचे में हमारी नौकरी भी पक्की हो जाएगी।" जोगिंदर की बात पर माया ने चेहरा आसमान की ओर उठाते हुए दोनों हाथ जोड़ दिए, और मन ही मन ईश्वर का धन्यवाद करने लगी।

इस नई जगह पर माया की आंखें तो फटी-सी रह गईं। इतना बड़ा फ़ार्महाउस, ढेर सारे पेड़-पौधे तो पहले से भले लग रहे हैं। अब उसे क्या करना है, माया सोचने लगी। जोगिंदर ने उसका चेहरा पढ़ लिया। बोला, "हरी घास भी तभी अच्छी लगे, अगर वह मखमल जैसी हो। मैं घास में पानी लगाने जा रहा हूं, तू तब तक झाड़ू से सूखे पत्ते बुहार ले। सूरज को कहीं भी छोड़ दे, भागता-फिरता रहेगा। यहां किसी बात का डर नहीं, इतना बड़ा तो मैदान है।"माया की समझ में कुछ-कुछ आने लगा था। जोगिंदर ने बताया था कि बाबूजी दिन में दो-तीन बार आ सकते हैं। हमें काम करते देख ख़ुश हो जाएंगे। जोगिंदर की बात तो सच्ची है, माया ने सोचा, इतनी बड़ी जगह है, कहीं न कहीं तो वह बुहारती रहेगी। बाक़ी आगे का तो बाबूजी आकर बताएंगे ही। सूरज का तो ख़ूब मन लग रहा बस, इधर-उधर दौड़ता रहा और आखिर में माया के पास आकर बोला, "मैं कुछ लाया हूँ....दिखाऊं क्या?"

"क्या लाया है, दिखा तो।" माया तो कभी सोच ही न पाती कि वह क्या लाया है। सूरज ने मुट्ठी खोली तो माया अवाक, "हे राम! तू भी तितली पकड़कर ले आया। अरे, क्या ज़रूरत थी। देख तो, बेचारी कैसे तड़प रही है।" माया ने झट से तितली को अपने हाथों में लिया और गुलाब के बड़े से फूल के ऊपर रख दिया। सूरज की हथेली अपने दुपट्टे से पोंछती बोली, "तितलियां देखने के लिए होती हैं। पकड़ने के लिए नहीं।"

अब तक जोगिंदर पास आ गया था। माया की पीठ पीछे खड़ा सारा तमाशा देख रहा था। तपाक से माया के सामने आकर खड़ा हो गया और कमर पर दोनों हाथ रखता बोला, "कैसी बात करती है री तू! तितलियां पकड़ने के लिए ही होती हैं। वो तो हमारे हाथ आ नहीं पातीं, इसलिए हम ऐसा कह देते हैं।"

"बस-बस, बाप-बेटे मिलकर तितलियां पकड़ते रहो।" पाली स्कूल से आ गया था। जोगिंदर ने उसे समझा दिया था कि स्कूल के बाद सीधे बाबूजी के फार्म हाउस में आ जाएगा।

माया नाराज़ होती बोली थी, "बच्चा है, इतनी दूर अकेले कैसे पहुंचेगा।"

"अरे, अब यह बच्चा नहीं रहा। मैंने इसे दो बार रीगल सिनेमा में घुसते देखा है। स्कूल के बाद दोस्तों के साथ वहां नई फिल्म के पोस्टर देखने जाता है।"

पाली झेंप-सा गया। कैसे उसके बाप ने उसकी चोरी पकड़ ली। रीगल तक का रास्ता तो उसे पता था, आगे का रास्ता जोगिंदर ने समझा दिया।

> **पाली अवाक रह गया। सिर से पांव तक कांप गया। बड़ा आदमी बनने के लिए वह तितलियां पकड़ने का बहाना कर लोगों से लूटमार किया करता है। आज के घने कोहरे में कहीं बापू की गर्दन पर उसकी उंगलियों के निशान तो नहीं पड़ गए?**

जोगिंदर उसे समझा रहा था और पाली मन ही मन मुस्कुरा रहा था।

"देख रे, कितना सुंदर फार्म हाउस।" जोगिंदर अपनी ख़ुशी ज़ाहिर कर पाली को भी ख़ुश देखना चाहता था। पाली ने तो सीधे से मुंह बिचका दिया, "यह कौनसा अपना है।"

"अरे, कैसी बात करता है तू। ऐसी चीज़ तो बड़े लोगों की होती हैं। हम बड़े लोग नहीं है रे।" जोगिंदर बुझी आंखों से पाली के चेहरे की ओर देखने लगा तो पाली एकाएक बोल उठा, "मैं तुम्हें बड़ा आदमी बनकर दिखाऊंगा।" कहते हुए पाली वहां से भाग गया और सूरज के साथ-साथ वह भी तितलियों के पीछे दौड़ने लगा। माया तो उसे यूं दौड़ते देखा हंस-हंसकर पागल-सी हो आई, "इतना बड़ा हो गया यह, तितलियां पकड़ने से बाज़ नहीं आया।"

दिन, सप्ताह, महीने गुज़र गए। इधर पाली के इम्तिहान ख़त्म हुए, उधर बाबूजी ने जोगिंदर की पक्की नौकरी का एलान कर दिया। पगार भी बढ़ा दिया और अगले छह महीने के अंदर उनके लिए पक्की छत बनवा देने का भी वादा किया। जोगिंदर और माया ख़ुशी से फूले नहीं समा रहे थे। शाम को जोगिंदर और माया सामान समेट रहे थे तो बाबूजी आ गए। जोगिंदर कुछ अदब से खड़ा हो गया तो बाबूजी बोले, "तुम जा रहे हो क्या?" "हां साहब, पांच बज रहे हैं, कोई हुकुम हो तो कहिएगा।" बाबूजी माया की ओर देखते बोले, "शाम को मेरे कुछ मेहमान आ रहे हैं। जोगिंदर थोड़ी देर रुक जाएगा, तुम अकेली जा सकती हो।" "कोई दिक्कत नहीं साब।" जोगिंदर और माया के मुंह से एकसाथ ये शब्द निकले तो बाबूजी मुस्कुरा दिए। माया के चलते-चलते जोगिंदर ने उसे पचास का नोट पकड़ा बच्चों के लिए कुछ मीठा लेती जाने को कहा। "मैं तो रोटी-पानी ख़ाकर ही आऊंगा। तुम बच्चों को खिला देना, ख़ुद भी खा लेना।" जोगिंदर की जुबान से क्या-क्या शब्द फूट रहे थे, माया मन ही मन फूली न समा रही थी।

माया घर पहुंची तो पाली बाहर को निकल रहा था। उसे रोकती हुई माया बोली, "तू कहां जा रहा है रे?" "मैं!" पाली की जुबान लड़खड़ा-सी आई, "मैं तितलियां पकड़ने जा रहा हूँ।"

"इस वक्त कौनसी तितलियां उड़ती हैं रे?"

"आजकल तो तितलियां रात में भी उड़ती हैं, मां।" पाली कहता हुआ भाग गया। माया देर तक हंसती रही, कैसा बावला हो गया है। कहता है, आजकल रात को भी तितलियां उड़ती हैं।

माया रसोई में आकर दाल-भात बनाने लगी। दाल-भात बनाने में कौन-सी देर लगी। एक घंटे में सारा भोजन तैयार। पाली आ जाए तो उसे गरमा-गरम परोस देगी। बाद में मिठाई का डिब्बा खोलेगी। देखो, कैसे उछल पड़ेगा।

जोगिंदर पगार भी लाएगा, और बाबूजी कह रहे थे, कुछ बड़े-बड़े लोग आ रहे हैं। फिर तो बख़्शीश भी अच्छी मिल जाएगी। नौ बज रहे हैं। पाली अभी तक न आया। बाहर ठंड और कोहरा भी ख़ूब पड़ने लगा है। कहीं बीमार हो गया तो जोगिंदर तो उसे ही डांटेगा। माया बार-बार दरवाज़े की ओर जा रही थी। लो, पाली आ गया। कुंडी तो ऐसे खड़का रहा है, जैसे तोड़ ही डालेगा। "अरे, आ रही हूं ना। क्या दरवाज़ा तोड़ने का इरादा है?"

माया ने दरवाज़ा खोला तो एक लंबी चीख़ उसके मुंह से निकल गई। चार-छह लोग जोगिंदर को पकड़े बाहर खड़े थे। जोगिंदर की गर्दन से ख़ून टपक रहा था।

कोई एक आदमी बोला, "किसी ने इसकी गर्दन पर चाकू से रेत डाला है। हम इसे अस्पताल लेकर जा रहे हैं।"

माया छाती पर दोहत्थड़ मार फूट पड़ी, "हाय राम! किसने मार डाला मेरे आदमी को?"

गली-मोहल्ला इकट्ठा हो गया था। तभी भीड़ को चीरता हुआ पाली आगे आया तो माया चिल्ला पड़ी, "अरे तू तितलियां पकड़ता फिरता है, पकड़ना है तो उसे पकड़, जिसने तेरे बापू को मार डालने की कोशिश की।"

पाली अवाक रह गया। सिर से पांव तक कांप गया। बड़ा आदमी बनने के लिए वह तितलियां पकड़ने का बहाना कर लोगों से लूटमार किया करता है। आज के घने कोहरे में कहीं बापू की गर्दन पर उसकी उंगलियों के निशान तो नहीं पड़ गए? वह भीतर की ओर भागा और जेब में रखा बटुआ निकाल देखने लगा। अरे, यह तो बापू का ही बटुआ है। पाली ने झट से पैंट की पिछली जेब से चाकू निकाला। एक पल तो मन में आया, इस चाकू को अपने सीने में उतार दे। लेकिन अगले ही पल मन ही मन खुद को गाली देता हुआ उसने चाकू दराज़ के पीछे छुपा दिया। एक बार उसने दीवार से सर पटका, फिर बाहर की ओर लपकता हुआ चिल्लाया, "मैं अस्पताल जा रहा हूं मां!"

---

कविता | **पं. कमल कांत भारद्वाज**

## फागुन : मेरे मन का उत्सव



*फागुन की आई कोमल बेला,*
*चारों ओर खुशियों का मेला,*
*धरती ने हरियाली ओढ़ी,*
*जैसे मुस्कराता हो कोई अकेला।*

*बगिया में पंछी झूम रहे हैं,*
*डाल-डाल गीत सुनाते हैं,*
*हवा छूकर मन के तारों को*
*अनकहे भाव जगाते हैं।*

*अबीर-गुलाल हवा में घुलकर,*
*उल्लास का रंग बिखेर गए,*
*हँसी, ठिठोली, भीगे पल—*
*जीवन के सच सिखा गए।*

*अचानक बादल घिर आए,*
*फागुन में सावन उतर आया,*
*भीगी मिट्टी, भीगा मन,*
*हर बदलाव कुछ कह गया।*

*समझ लिया मैंने इन लम्हों में—*
*सौंदर्य बस दिखता नहीं,*
*प्रकृति से जुड़कर जीना ही*
*जीवन का सच्चा अर्थ सही।*

कविता | **मोनिका शर्मा**

## चेहरों के भी जुदा रंग



भाषा का भी एक ककहरा होता है
पर भावों का अपना औरा होता है

चेहरों के भी खूब जुदा होते हैं रंग
कुछ चेहरों का रंग सुनहरा होता है

कुछ पानी के भीतर गहरे दिखते हैं
कुछ के भीतर पानी गहरा होता है

कुछ के पैरों में भी घुंघरू बजते हैं
कुछ घुंघरूओं पर पहरा होता है

कुर्सी वाले तख़्त ओ ताज ले जाते हैं
कब मेहनत के सर पर सेहरा होता है

नदिया के भीतर भी नदिया बहती है
सहरा के भीतर इक सहरा होता है

कहीं बेटी कुल की लाज निभाती है
कहीं बेटा कुल का जहरा होता है

कुछ आँखों का पानी भी मर जाता है
कुछ आँखों का पानी ठहरा होता है।

कविता | **वीणा अग्रवाल**

## ऋतुराज बसंत



चेहरे पर उल्लास हर्ष जन मन में छाया है
ऋतुओं का सरताज बसंत का मौसम आया है

सर्दी में जो ठिठुर रहे थे झोंपड़ पट्टी वाले
राम ही जाने ये निष्ठुर दिन कैसे रोज निकाले
फूल से कोमल बच्चों को अब आनंद आया है
ऋतुओं का ...

रंग बिरंगे पुष्पों की खुशबू से महकी क्यारी
जीव जंतु वन उपवन में अब सब पर चढ़ी खुमारी
सूरज दादा छिपा था जो अब सामने आया है
ऋतुओं का सरताज ...

पीली पीली सरसों अपनी मादकता बिखराए
हरित आम के पेड़ों पर कोयलिया गीत सुनाए
भ्रमर और तितली ने अपना राग सुनाया है
ऋतुओं का सरताज ...

ना गर्मी ना सर्दी,खुश होते है सब नर नारी
धरती मां खिल उठी,आज वह भूली पीड़ा सारी
धरती से अंबर तक कण कण मुसकाया है
ऋतुओं का सरताज ...

चेहरे पर उल्लास हर्ष जन मन में छाया है
ऋतुओं का सरताज बसंत का मौसम आया है।

---

# सफलता पाने का शॉर्टकट...यस सर !

*ज्यादातर लोग समझ ही नहीं पाते कि एक सामान्य 'नो सर' उनके करियर को असामान्य रूप से प्रभावित कर सकता है। उन्हें ये कला सीखने की ज़रूरत है कि किसी आदेश को मना 'यस सर' कह कर भी किया जा सकता है। यस सर कल का पैदा हुआ कोई नया जुमला नहीं है।*



> **कल्पना कीजिए कोई बॉस किसी मीटिंग में कहता हो कि सफ़ेद कौआ होता है और उसका अधीनस्थ समर्थन में यस सर बोल दे। अधीनस्थ का क्या नुकसान हुआ? मगर उस बॉस की ख़ुशी का अंदाज़ा कोई नहीं लगा सकता। बॉस के झूठ का समर्थन कर उसने भविष्य की कितनी ही छुट्टियां आज ही अप्रूव करवा लीं, हाजिरी लगा के घूमने जाने की अनेक अनुमति प्राप्त कर लीं। ऐसे अधीनस्थ अपने बॉस को न केवल अपने सगे-संबंधियों से ज्यादा प्रिय होते हैं, बल्कि कुछ मामलों में प्रातः स्मरणीय भी हो जाते हैं।**



व्यंग्य

**विनीत पांडेय**

यस सर ..! यह सिर्फ दो शब्दों की स्वीकारोक्ति नहीं है, यह मंत्र है । मंत्र क्या महामंत्र है, आप इस मंत्र की शक्ति का अंदाज़ा भी नहीं लगा सकते । इसका प्रयोग सुपर बैड होते हुए भी आपको अपने बॉस के गुड बुक में रख सकता है। अव्वल दर्जे के कामचोर को भी सर्वाधिक काम का आदमी साबित कर सकता है। नौकरी हो या बिजनेस, जिसे ये बात समझ आ गयी कि उसका बॉस असंभव काम के निर्देश पर भी 'यस सर' सुन कर रोमांचित हो उठता है, उसकी तरक्की कोई नहीं रोक सकता।

यस सर को दरअसल, अकड़ के साथ तेल का कनस्तर उलट के मालिश करने का दर्जा उसी तरह मिला हुआ है, जैसे किसी संस्था का अध्यक्ष बनने पर राज्य मंत्री का दर्जा मिल जाता है। हालांकि ये भी मिलता यस सर की ही बदौलत है । एक अनुभवी यस सर वाचक ने बताया कि यस सर जिंदगी के हां और नहीं के बीच शॉर्टकट से सीधे लक्ष्य तक पहुंचने की वो पगडण्डी है जिसके बारे में बहुत कम लोगों को पता है।

ज्यादातर लोग समझ ही नहीं पाते कि एक सामान्य 'नो सर' उनके करियर को असामान्य रूप से प्रभावित कर सकता है। उन्हें ये कला सीखने की ज़रुरत है कि किसी आदेश को मना 'यस सर' कह कर भी किया जा सकता है। यस सर कल का पैदा हुआ कोई नया जुमला नहीं है। सैकड़ों साल पहले भी जी महाराज और जी हुज़ूर का अस्तित्व रहा है। अंग्रेजों के आने के बाद यस सर ने जितनी तेज़ी से अपनी जगह बनाई, उससे सिद्ध होता है कि यह दुनियाभर में इतनी ही लोकप्रियता के साथ विद्यमान रहा है। यस सर कहने वाले को हमेशा अपने वरिष्ठों के अगल-बगल रहने का विशेषाधिकार प्राप्त होता है, जिसकी वजह से अकेले में भी उसका भौकाल बना रहता है। दुनिया में यस सर जैसा दूसरा कुछ भी नहीं है, यह एक साथ सबको संतुष्ट कर देता है। कितना अद्भुत जुमला है जिसे बोलने वाला भी खुश और सुनने वाला भी जबकि वो जिस चीज़ के लिए बोला-सुना जा रहा है, वो होने वाला नहीं है, ये बात दोनों जानते हैं। बॉस को पता होता है कि कौन सा यस सर हामी है और कौन सा अस्वीकृति, पर सुनना उसे यस सर ही होता है।

कारण भी स्पष्ट है, बॉस अपने तब के बॉस को यस सर कह कर बॉस बना है और अब के बॉस को यस सर कह कर बॉस बना हुआ है। कर्णप्रिय होना इस जुमले की असली ताकत है, इसका लगातार प्रयोग बॉस को हमेशा सही होने के भ्रम में बनाए रखता है। यस सर कहने वाले तो रिटायर हो जाते हैं पर यस सर रिटायर नहीं होता। ये वो विरासत है जिसे आने वाला समझदार व्यक्ति जाने वाले अनुभवी व्यक्ति से ग्रहण करता है और इसका सुख भोगता है। जग के सकल पदार्थ भले कर्महीन नर को प्राप्त नहीं होते पर आराम से जीवन व्यतीत करने के लिए आवश्यक वातावरण यस सर कहने वाला प्राप्त कर लेता है। इस महामंत्र का जाप करने वाला नौकरशाही के नुकीले दांतों के बीच जीभ की तरह रसास्वादन करने में सिद्ध हो जाता है। यस सर की घिसावट में प्रवीण व्यक्ति के लिए, सिस्टम अलादीन के चिराग से कम नहीं। वो इसे घिस कर ऑफिस में फाइलों पर कलम घिसने वाले अपने समकक्षों से उड़ने वाली कालीन पर बैठ कर आगे निकल जाता है।

कल्पना कीजिए कोई बॉस किसी मीटिंग में कहता हो कि सफ़ेद कौआ होता है और उसका अधीनस्थ समर्थन में यस सर बोल दे। अधीनस्थ का क्या नुकसान हुआ? मगर उस बॉस की ख़ुशी का अंदाज़ा कोई नहीं लगा सकता। बॉस के झूठ का समर्थन कर उसने भविष्य की कितनी ही छुट्टियां आज ही अप्रूव करवा लीं, हाजिरी लगा के घूमने जाने की अनेक अनुमति प्राप्त कर लीं। ऐसे अधीनस्थ अपने बॉस को न केवल अपने सगे संबंधियों से ज्यादा प्रिय होते हैं बल्कि कुछ मामलों में प्रातः स्मरणीय भी हो जाते हैं। सुबह-सुबह देश दुनिया की ख़बरों से ले कर ऑफिस के कामकाज तक के लिए पहला फोन ऐसे ही अधीनस्थों के पास जाता है। इसमें कोई बुराई नहीं, नौकरी में बॉस के झूठ का विरोध कर टारगेट पर आने की बजाए समर्थन कर लाभ हासिल करना ही असली आर्ट ऑफ़ लिविंग है। यदि एक यस सर कह कर आपके चेहरे पर मुस्कराहट बनी रह सकती है, बिना किसी योग-दवाई के आपका चित्त प्रसन्न रह सकता है तो खामखा उसूलों की निंद्रा भंग क्यों करना। बात अगर वाकई उसूलों पे आंच आए तो टकराना ज़रूरी है, टाइप हो जाए तो मिठाई की कीमत बढ़ाने वाले वर्क की तरह, इस सार्वभौमिक उसूल की परत मूल उसूल पर चढ़ा देनी चाहिए कि जिसकी खाओ, उसकी गाओ। सही गलत के लफड़े में उलझना ही क्यों? यस सर बोलो और छुट्टी पाओ ।

---

# हो डगर कितनी भी कठिन, हार मत स्वीकार कर...




**पुस्तक :** हार मत स्वीकार कर
**कवि :** अश्वनी कुमार
**मूल्य :** 199 रुपये
**प्रकाशक :** कनुप्रिया पब्लिशर्स, दिल्ली



पुस्तक समीक्षा | **डॉ. विजेंद्र कुमार**

बहुमुखी प्रतिभा के धनी, मृदुभाषी कवि अश्वनी कुमार की काव्य कृति 'हार मत स्वीकार कर' में 92 गीतिकाएं संगृहीत हैं। यह काव्य कृति भारतीय संस्कृति के शाश्वत एवं उज्ज्वल उद्घोष का शंखनाद प्रतीत होती है कि अपनी शब्द तूलिका से कवि विविध रंगी बिंब विधानों का सृजन करता है। कृति में परमात्मा के प्रति अटूट आस्था, माता-पिता का समादर, सहअस्तित्व एवं सदाचार, करुणा, प्रेम, दया आदि उदात्त भावों को मानव-जीवन का असली लक्ष्य प्रतिपादित किया गया है। व्यक्ति, समाज एवं राष्ट्र के उत्थान का दर्द उनकी रचनाधर्मिता के केन्द्र में है। माता-पिता को समर्पित एक गीतिका में कवि कहता है;

*जीवन सृजन करते भले, भगवान हो लेकिन/*
*लेता तुम्हारी कोख में आकार है अम्मा!*

पिता के महत्व को कवि इस प्रकार रेखांकित करता है :

*उठाते थे अकेले बोझ, वो परिवार का अपने।*
*नहीं अपना सलीके से, उठा सामान पाए हम।।*

जीवन के कटुयथार्थ तथा आपादाओं से निरन्तर संघर्ष करते रहना ही मानव का धर्म है, उसे संकट या विपत्ति से कभी भी हार नहीं माननी चाहिए :-

*मुश्किलों के साधने का नाम ही है जिंदगी।*
*डर गया जो देख के हालात, वो इंसान क्या?*

जीवन में सकारात्मकता और विश्वास के महत्त्व का प्रतिपादन करते हुए वे असफलता व निराशा का जीवन में त्याग करने का अह्वान करते हुए कहते है:-

*रात बीती को भूला अब भोर से तू प्यार कर।*
*कर नई शुरूआत प्यारे, हार मत स्वीकार कर।।*

आपसी प्रेम व भाईचारे की सघन हरियाली से सरोबार गांव की बदली हुई दशा से कवि दुखी है। जिस तरह गांवों में भी छल, कपट व द्वेष फैल गए हैं, उसी तरह गांवों में वृक्षों की कटाई भी पर्यावरणीय असंतुलन का कारण है :-

*सुख घना था, नीम की जो ठांव में।*
*अब नहीं मिलता मजा वह गांव में।।*
*दरक गई है आज हवेली, कड़ियां छत की टूट रही।*
*संबंधों की नींव समाई, रार कपट-चतुराई में।।*

प्रेम और सद्भाव ही मानव सभ्यता का सार तत्व है। मानव सभ्यता जितनी इन दोनों से दूर होती जायेगी उतनी ही वह विनाश और पतन के करीब होती चली जायेगी। इसीलिए कवि आह्वान करता है :-

*बांसुरी जिसकी जगाए, प्रेम मन में आस्था।*
*पूज्य वो रसखान सा, चितचोर ढूंढों साथियों।।*

अश्वनी की भाषा सहज, स्वाभाविक और लखनऊ का मिठास लिए है। सीधे दिल को छूने वाली इन कविताओं में कहीं पांडित्य प्रदर्शन की लालसा नहीं है। अभिव्यक्ति की सहजता, कथ्य की ईमानदारी और मानवतावादी दृष्टिकोण इस कृति के विशेष आकर्षण है। हमारी युवा पीढ़ी की प्रेरणा के लिए यह एक सफल कृति सिद्ध होगी। इस सार्थक कृति के लिए कवि अश्वनी कुमार को साधुवाद।

**खबर संक्षेप**



खरखौदा। बैठक में भागीदारी करते संस्थान के पदाधिकारी।

## डॉ. भीमराव आंबेडकर संस्थान की बैठक

**खरखौदा।** डॉ भीमराव अंबेडकर भवन एवं शिक्षा संस्थान की आम सभा की बैठक संस्थान के कार्यालय में प्रधान रामफल मेहरा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें 18 जनवरी की पिछली कार्यवाही पर विचार - विमर्श करने के पश्चात कार्यवाही की पुष्टि की गई। यह जानकारी देते हुए महासचिव रामकुमार सिंहमार ने बताया कि जिला रजिस्ट्रार, फर्म एवं सोसायटी, सोनीपत के 18 जनवरी के आदेश की अनुपालना को लेकर विचार- विनिमय किया गया। सर्व-सम्मति से निर्णय लिया गया कि आजीवन सदस्यों की संख्या बढ़ाकर 431 की जाये। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि भविष्य में कोई भी साधारण सदस्य नहीं होगा। डॉ. सत्यवान, डॉ. देशराज, भगवान दास सरोहा, महावीर झरोठ, चंद्रभान तुर्कपुर, रामफल गोपालपुर, महेन्द्र सिंह सिंहमार, राजपाल, मनीष सिंहमार आदि रहे।

### भोलेनाथ की महिमा का गुणगान सुनकर नतमस्तक हुए भक्त, जयकारों से गूंजा पंडाल

# नवचंडी महायज्ञ के वार्षिक उत्सव में शिव बारात का सुनाया प्रसंग

हलवाई हट्टा स्थित श्रीदेवी चिट्टाने वाली माता मंदिर सिद्धपीठ में वार्षिक उत्सव श्री रामकथा एवं नवचंडी महायज्ञ का रहा दूसरा दिन



सोनीपत। हलवाई हट्टा स्थित श्रीदेवी चिट्टाने वाली माता मंदिर सिद्धपीठ में श्री रामकथा सुनाते कथाव्यास स्वामी डॉ. दयानंद सरस्वती यति महाराज।



सोनीपत। हलवाई हट्टा स्थित श्रीदेवी चिट्टाने वाली माता मंदिर सिद्धपीठ में श्री रामकथा का श्रवण करते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हलवाई हट्टा स्थित श्रीदेवी चिट्टाने वाली माता मंदिर सिद्धपीठ में चल रहे वार्षिक उत्सव श्री रामकथा एवं नवचंडी महायज्ञ का रविवार को दूसरा दिन रहा। कथा में श्रीराम कृष्ण साधना केंद्र, मुरथल के संस्थापक एवं कथाव्यास 1008 स्वामी डॉ. दयानंद सरस्वती यति महाराज ने शिव बारात के प्रसंग का वर्णन किया। मुख्य अतिथि के रूप में अधिवक्ता अजय गर्ग ने गणेश पूजन के साथ कथा का प्रारंभ की। इससे पहले सुबह पंडित अमित शौनक व राजेश शौनक ने मंत्रोच्चारण के साथ नवचंडी महायज्ञ करवाया।

कार्यक्रम में मंदिर समिति के प्रधान महेश गोयल, पंडित अमित शौनक, अशोक गोयल, ऋषभ, तरुण गोयल, गोलू शौनक, अशोक गौतम मौजूद रहे।

### भगवान शिव की वेष-भूषा का रोचक वर्णन

कथाव्यास स्वामी डॉ. दयानंद सरस्वती यति महाराज ने बताया कि नारद को जैसे ही पता लगा कि राजा हिमांचल के घर पार्वती का जन्म हुआ है, तो वह राजा के पास पहुंचे। नारद ने जगत जननी को प्रणाम किया। इसके बाद राजा को बता दिया था कि पार्वती तपस्या करें, तो भगवान शंकर प्राप्त हो सकते हैं। राजा चाहते थे कि बेटी के जीवन में कोई कष्ट न आए, सो वह बेटी की उम्र का वास्ता देकर नारद को मनाने लगे। शिवजी के गण श्रृंगार करने में लग गए। जटाओं का मुकुट बनाकर भगवान शिवजी ने सांपों का ही कुंडल व कंगन पहने, शरीर व विभूति रमाई। वस्त्र की जगह बाघ की खाल लपेट बारात लेकर पहुंचे, तो यह दृश्य देख सभी आश्चर्यचकित हो गए। शिवजी को इस रूप में देखने के लिए अनेक देवी देवता पहुंचे थे। शिव बारात में बारातियों का चयन कर लिया गया, तो शिवगण श्रृंगी, भृगी, भूत प्रेत सोचने लगे कि उनका तो बारात में जाना संभव नहीं है। शिवजी उनके प्रेम भाव को समझ गए और बोले, जगत में जितने भूत पिशाच आदि हैं सभी को निमंत्रण है, बारात में सब चलेंगे। कथा के पश्चात आरती कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।



राई। गांव जठेड़ी में विराट हिन्दू सम्मेलन में उमड़ी भीड़। फोटो :हरिभूमि

## विराट हिन्दू सम्मेलन में एकजुटता का संदेश

■ सरपंच योगेश जठेड़ी ने पंचायत की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

गांव जठेड़ी स्थित कम्युनिटी हॉल में रविवार को विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में जिला कारवा अमरचंद, महंत प्रेमानंद, मेजर अनिता, खंड संघचालक श्यामबी, सरपंच योगेश जठेड़ी, वेदपाल शास्त्री, शेखर अंतिल, सरपंच उत्तम, सुरेंद्र बरोटा, वीरेंद्र कौशिक, संजीत सबोली, सरपंच साहब सिंह, गणेश, रणबीर मास्टर, मनजीत दहिया, संदीप, संग्राम और रामेश्वर ने संबोधित किया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। सरपंच योगेश जठेड़ी ने पंचायत की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में भाईचारा और एकता का संदेश जाता है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी संस्कृति और परंपराओं को संजोकर रखना चाहिए और नई पीढ़ी को भी उनके महत्व से अवगत कराना चाहिए। सम्मेलन को संबोधित करते हुए महंत प्रेमानंद ने कहा कि समाज की मजबूती आपसी सहयोग और नैतिक मूल्यों से ही संभव है।

## खरखौदा में भव्य हिंदू सम्मेलन आज

■ थाना कलां मार्ग स्थित जागृति स्थल खरखौदा में आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन को सफल बनाने को जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



खरखौदा। सम्मेलन में पहुंचने का निमंत्रण देतीं स्नेह दहिया व अन्य।

थाना कलां मार्ग स्थित जागृति स्थल खरखौदा में आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन को सफल बनाने के लिए शहर के वार्ड नंबर 9 में व्यापक जनजागरण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान क्षेत्रवासियों को सम्मेलन के उद्देश्य से अवगत कराया गया तथा अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया गया। अभियान का नेतृत्व हिंदू सम्मेलन की सह-संयोजक स्नेह दहिया द्वारा किया गया। उन्होंने घर-घर जाकर वार्डवासियों को हनुमान चालीसा एवं हिंदू सम्मेलन के निमंत्रण पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन समाज में नई ऊर्जा, सामाजिक समरसता और हिंदू एकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा कलश यात्रा भी निकाली जाएगी। महिलाओं ने सम्मेलन में उत्साहपूर्वक भाग लेने का आश्वासन दिया। जन जागरण अभियान में कमलेश, मीनू, रेनू, सविता, कृष्णा तथा सुनीता सहित अन्य महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई गई।



सोनीपत। लाल दरवाजा स्थित रविदास मंदिर में आयोजित हिंदू सम्मेलन के दौरान मौजूद आयोजक। फोटो : हरिभूमि

### हवन व भंडारे के साथ हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ

**सोनीपत।** लाल दरवाजा स्थित रविदास मंदिर में रविवार को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की शुरुआत हवन में आहुति डालकर की गई। तत्पश्चात भंडारा लगाया गया। भंडारे में क्षेत्रवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुख्य संयोजक के रूप में अजय कुमार, मुख्य अतिथि महताब खत्री, अशोक खत्री ने शिरकत की। मुख्य वक्ता के रूप में राजेंद्र, रामेश्वर दयाल ने सभी को एकता के सूत्र में पिरोने का संदेश दिया। कार्यक्रम में अशोक, कृष्ण, जयभगवान, पंडित अमित शौनक, ओमप्रकाश, देवेंद्र वर्मा, नीरज वर्मा मौजूद रहे।

## सम्मेलन में जन जागृति का संकल्प

■ परिवर्तन और सामाजिक समरसता पर दिया प्रवचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचें अतिथियों का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

शहीद भगत सिंह खेल ग्राउंड, सेक्टर-23 सोनीपत में रविवार सुबह विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता दयानंद सरस्वती यति महाराज ने समाज को एक सूत्र में पिरोने और पंच परिवर्तन के विषय में जागृत किया। उन्होंने हिंदू धर्म के संरक्षण और जागृति के लिए समाज को प्रेरित किया। सामाजिक समरसता प्रमुख यज्ञ दत्त ने पंच परिवर्तन पर प्रबोधन देते हुए जाति और पंथ से ऊपर उठकर एकता और संगठन बनाए रखने का संदेश दिया। आयोजन के समापन पर शिवचरण ने सभी समाजों से आए हिंदू प्रेमियों का आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि नरेंद्र भूटानी, मनोज जांगड़ा की गरिमामयी उपस्थिति रही। सम्मेलन के अंत में देसी घी का भंडारा आयोजित किया गया। आयोजन समिति के अनिल ठाकुर, गौरव, राहुल, ओमवीर, विनोद राठौर, जगबीर शास्त्री, आशीष, पंकज, सन्नी, ईशांत और पिंकी का विशेष योगदान रहा।



खरखौदा। श्री श्याम बाबा का पैदल रथ खींचते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### खाटू श्याम निशान यात्रा पहुंची सिसाना धाम

**खरखौदा।** स्थानीय जय नारायण धर्मशाला से खाटू श्याम फाल्गुन निशान यात्रा पैदल चलकर धर्मार्थ खाटू धाम सिसाना तक पहुंची। यात्रा में श्रद्धालु नाचते गाते हुए व रंग व फूलों की होली मनाते हुए श्याम बाबा के जयकारे लगाए। प्रत्येक श्रद्धालु हाथों में खाटू श्याम के निशान के झंडे लिए हुए थे। जिस रथ में श्याम बाबा विराजमान थे उसे श्रद्धालु पैदल खींचकर सिसाना तक पहुंचे। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए बीच रास्ते में जलपान की व्यवस्था की गई थी। निशान यात्रा में विभिन्न प्रकार की मनमोहक झांकियां जिसमें राधा कृष्ण की वेशभूषा में बालिकाओं ने नृत्य करके मनमोहक बना दिया। रथ यात्रा को देखने पहुंचे लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर समाजसेवी प्रदीप, सुरेंद्र, रविंद्र ठेकेदार, संजय, सोनू , नरेंद्र, मोहित द्वारा योगदान दिया गया।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित श्रद्धालुगण। फोटो : हरिभूमि

### भरत-कैकेई संवाद पर प्रेरक प्रसंग प्रस्तुत किया

**सोनीपत।** मशद मोहल्ला में श्री राम परिवार, सोनीपत द्वारा श्री सुंदरकाण्ड पाठ, हरिनाम संकीर्तन एवं श्री रामकथा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृष्ण कुमार वर्मा ने रामचरितमानस के अयोध्याकांड से भरत और कैकेई संवाद का मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भरत ने राम के वनवास और पिता की मृत्यु का समाचार सुनकर कैकेई के कृत्य पर गहरा आक्रोश और ग्लानि व्यक्त की तथा राजपाट त्याग कर राम को वापस लाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि यह प्रसंग धर्म, भाईचारे और त्याग की भावना को दर्शाता है। कार्यक्रम में पवन सहगल, श्याम रहेजा, सूरजकांत, राकेश बहल, महेश पांडे, रमाकांत, अश्विनी, मेहर चंद, महेश सपड़ा और मनोज उपस्थित रहे। अंत में आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## जॉब सिक्योरिटी का मुद्दा बजट सत्र में उठाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। अनुबंधित शिक्षक संघ गन्नौर के विधायक देवेंद्र सिंह कादियान को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा विश्वविद्यालय अनुबंधित शिक्षक संघ ने प्रदेश अध्यक्ष विजय के नेतृत्व में गन्नौर के विधायक देवेंद्र सिंह कादियान को ज्ञापन सौंपकर राज्य के समस्त विश्वविद्यालयों में कार्यरत लगभग 1400 अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों को सेवा सुरक्षा प्रदान करने का मुद्दा आगामी बजट सत्र में सदन में उठाने की मांग की है।

संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि शीतकालीन विधानसभा सत्र-2024 के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों को सेवा-सुरक्षा देने का सकारात्मक आश्वासन दिया था। इसके बाद उच्चतर शिक्षा विभाग ने 9 दिसंबर 2025 और 29 जनवरी 2026 के मेमो के माध्यम से अधीन विश्वविद्यालयों से आवश्यक सूचनाएं एकत्र कर विधेयक का मसौदा तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की। ज्ञापन में कहा कि शिक्षा विभाग के अतिरिक्त अन्य छह विभागों के अधीन आने वाले छह विश्वविद्यालयों से अपेक्षित सूचनाएं अब तक प्राप्त नहीं हुई हैं, जिससे पूरी प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। पदाधिकारियों ने विधायक से आग्रह किया कि वे बजट सत्र में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाएं, ताकि लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षकों को जॉब सिक्योरिटी का लाभ मिल सके। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार सकारात्मक कदम उठाएगी और शीघ्र समाधान निकलेगा।



सोनीपत। मुरथल अड्डा स्थित पीएमश्री राजकीय कन्या विद्यालय में मेधावी छात्रा को सम्मानित करते मुख्य अतिथि वीरेंद्र कौशिक व प्राचार्य सुमन बाला शर्मा।

### छात्राओं ने वार्षिक उत्सव में दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

**सोनीपत।** मुरथल अड्डा स्थित पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वीरेंद्र कौशिक ने शिरकत की, अध्यक्षता प्राचार्य सुमन बाला शर्मा ने की। कार्यक्रम में छात्राओं ने हरियाणवी नृत्य, पंजाबी, गुजराती, मराठी नृत्य, नाटक जैसे विभिन्न सांस्कृतिक व रंगारंग प्रस्तुतियों से समा बांध दिया। कार्यक्रम में कक्षा 10वीं व 12वीं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाली मेधावी छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही राज्यस्तर पर खेलों व अन्य गतिविधियों के माध्यम से विद्यालय का नाम रोशन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्राचार्य सुमन बाला शर्मा ने छात्राओं को पढ़ाई के साथ खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## वीर बंदा बैरागी का बलिदान पूजनीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान छात्रा को सम्मानित करते हुए भाजपा नेता राजीव जैन।

नगर निगम के निवर्तमान मेयर राजीव जैन ने कहा है कि हिंदुत्व की रक्षा के लिए बाबा वीर बंदा बैरागी का योगदान एवं बलिदान पूजनीय है और आज हमें सनातन संस्कृति को बचाने, हिन्दुओं को एकजुट करने की आवश्यकता है तभी भारत फिर से विश्व गुरु बन सकेगा।

राजीव जैन रविवार को महलाना रोड पर एक प्रतिभा सम्मान समारोह में शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित करने के बाद जन समूह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वीर बंदा बैरागी ने मुगलों के खिलाफ लड़ाई में जिस साहस, वीरता एवं संगठनात्मक क्षमता का परिचय दिया वही समाज की भलाई के लिए संगठनों को भी प्रयास करना चाहिए।

सम्मानित होने वालों में महक स्वामी, साक्षी स्वामी, टीना स्वामी, दीपक पुत्र बसंत बिना दहेज शादी, रिटायर्ड कर्नल टेकचंद स्वामी को स्टेट व नेशनल में खेलों में पदक प्राप्त करने वाले 90 साल से ऊपर बुजुर्गों, बैरागी समाज के उच्च अधिकारियों, दहेज रहित शादी करने वालों, गौ रक्षक, ब्लड कैंप चलाने वालों और समाज में सामाजिक कार्य करने वालों पूर्व फौजी अधिकारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



सोनीपत के शांति विहार में निकाली गई कलश यात्रा में शामिल महिलाएं।

### कलश यात्रा के बाद श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

**सोनीपत।** क्षेत्र के सुख-शांति के लिए कैलाश कॉलोनी शांति विहार शादीपुर की चौपाल में रविवार को कलश यात्रा निकाल श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा कैलाश कॉलोनी स्थित ओम शिव धाम मंदिर से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए कथास्थल पर पहुंची। यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन, विधायक निखिल मदान की धर्मपत्नी निखिता मदान, वार्ड 13 की पूर्व पार्षद संगीता सैनी ने शिरकत की। कलश यात्रा में महिलाओं के साथ उत्तराखंड राज्य मंडल व श्रीराम मंदिर धर्मार्थ समिति के सदस्य भी शामिल हुए। श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिन कथाव्यास आचार्य जितेंद्र शास्त्री ने कथा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने से मनुष्य के जन्म-जन्मांतर के पाप नष्ट हो जाते हैं। शादीपुर चौपाल में 1 मार्च को हवन के साथ श्रीमद्भागवत कथा संपन्न होगी।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू



गोहाना। महिलाओं के साथ कलश यात्रा निकालते हुए डॉ. रीटा शर्मा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

रविवार को श्री सनातन धर्म मंदिर शिवाला मस्तनाथ समिति द्वारा पुरानी सब्जी मंडी के निकट शिवाला मस्तनाथ में श्रीमद्भावगत कथा का शुभारंभ किया गया। इससे पहले शहर में कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें कैबिनेट मंत्री डा. अरविंद शर्मा की धर्मपत्नी डॉ. रीटा शर्मा मुख्य अतिथि रहीं। अध्यक्षता मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण गोयल ने की। कलश यात्रा के बाद कथावाचक प्रीति रामनुज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, गोवर्धन धारण और रास लीला का भावपूर्ण वर्णन करते हुए भक्ति, प्रेम और सेवा का संदेश दिया।



सोनीपत के नंदवानी नगर में हरिनाम संकीर्तन प्रभातफेरी निकालते इस्कॉन प्रचार समिति के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### हरिनाम संकीर्तन प्रभातफेरी संग प्रभु गुणगान

**सोनीपत।** इस्कॉन प्रचार समिति की ओर से रविवार को हरिनाम संकीर्तन प्रभातफेरी निकाल प्रभु गुणगान किया गया। प्रभातफेरी नंदवानी नगर स्थित राधा कृष्ण मंदिर से प्रारंभ होकर चार मरला होते हुए वापस राधा कृष्ण मंदिर परिसर में हरिनाम संकीर्तन के साथ संपन्न हुई। प्रभातफेरी का मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। इस्कॉन प्रचार समिति की ओर से प्रसाद वितरण किया गया। समिति की ओर से रघु कुमार दास, कृष्ण कृपा दास, भागवत तत्व दास ने बताया कि 26 मार्च से राधा कृष्ण मंदिर, नंदवानी नगर में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। संकीर्तन में युग धर्मदास, बृज नारद दास, कृष्ण कुमार गर्ग, श्याम सिंह रावत, मास्टर जगदीप पांचाल, जयप्रकाश, राजू, चंद्रेश, शिवानी, लक्ष्मी, मनीषा मौजूद रही।



गन्नौर। बड़ी रोड पर नाले के स्लैब का निर्माण करते मजदूर।

### अंतिम चरण में पहुंचा नाला निर्माण कार्य

**गन्नौर।** नगरपालिका के वार्ड-8 स्थित बड़ी रोड पर लंबे समय से चली आ रही जलभराव की समस्या अब खत्म होने की ओर है। दूषित पानी की निकासी के लिए करीब 30 लाख रुपये की लागत से तैयार किया जा रहा नाला अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। निर्माण कार्य लगभग पूरा हो गया है और वर्तमान में नाले के ऊपर स्लैब डालने का काम तेजी से जारी है। नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी ने मौके पर पहुंचकर कार्य की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासी वर्षों से गंदे पानी के ठहराव से परेशान थे। विशेषकर बरसात के दौरान सड़क पर पानी भर जाने से आवागमन बाधित होता था और सड़क की स्थिति भी खराब हो रही थी। नाला बनने से जल निकासी की व्यवस्था सुचारु होगी और सड़क को नुकसान से बचाया जा सकेगा।

## खबर संक्षेप



### योगाभ्यास सत्र में रोगों से राहत पाने के उपाय बताए

**खरखौदा।** कन्या महाविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस कैंप के तीसरे दिन की शुरुआत में स्वयं सेविकाओं ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ पूनम यादव के मार्गदर्शन व डॉ यशोदा आर्या के निर्देशन में योगाभ्यास कराया गया। जिसमें कमर दर्द, सर्वाइकल तथा अन्य बीमारियों से राहत पाने के उपाय बताए गए। इस अवसर पर अमित ने विभिन्न प्रकार के मिलेट्स (मोटे अनाज) और सलाद के पोषण मूल्य पर प्रकाश डालते हुए संतुलित आहार के महत्व को समझाया।

### संस्कारों और स्वस्थ जीवन शैली पर दिया संदेश

**सोनीपत।** विकास नगर ककरोई रोड पर रविवार को दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से संस्कारशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साध्वी रितु भारती ने कहा कि सच्चे संस्कार मानव को जोड़ते हैं और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। बच्चों को अच्छी-बुरी आदतों के बारे में बताया गया और मैदानी खेलों और व्यायाम पर जोर दिया गया।

### महिला विवि में हुए रंगारंग कार्यक्रम

**सोनीपत।** राजकीय महिला महाविद्यालय, सोनीपत में रविवार से राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय कैंप का रंगारंग शुभारंभ हुआ। कैंप की शुरुआत कॉलेज उप-प्राचार्या डॉ. वंदना नासा ने दीप प्रज्वलन के साथ की। इसके बाद एनएसएस वॉलिंटियर्स ने एनएसएस गीत गाकर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। इसके पश्चात मधुर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। कॉलेज उप-प्राचार्या डॉ.वंदना नासा ने एनएसएस वॉलिंटियर्स को कैंप की शुरुआत की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें हर प्रकार की गतिविधि में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। शाम के सत्र में पर्यावरण संरक्षण को लेकर 'पर्यावरण बचाओ' विषय पर पोस्टर बनाओ गतिविधि का आयोजन किया गया।

## सोनीपत पुलिस की बड़ी कार्रवाई, अंतर-राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश

# फर्जी लिंक से 93 हजार की ठगी का भंडाफोड़, चार साइबर ठग गिरफ्तार

## तकनीकी विश्लेषण से झांसी और दिल्ली तक पहुंची पुलिस टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत पुलिस ने साइबर ठगी के एक अंतर-राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए फर्जी लिंक के माध्यम से 93,578 रुपये की ठगी करने वाले चार आरोपितों को झांसी और दिल्ली से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ठगी गई राशि में से 90,120 रुपये नगद व कोर्ट के माध्यम से बरामद कर लिए हैं, जबकि वारदात में प्रयुक्त दो मोबाइल फोन, तीन एटीएम कार्ड और तीन सिम कार्ड भी जब्त किए गए हैं। थाना साइबर सोनीपत की टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान योगेन्द्र निवासी झाँसी, कुलदीप निवासी झाँसी, मोहमद शबीर निवासी प्रतापगढ़ हाल निजामुद्दीन दिल्ली और मोहमद रेहान फज़ल निवासी गया बिहार हाल निजामुद्दीन दिल्ली के रूप में हुई है।



सोनीपत। पुलिस टीम के साथ गिरफ्तार आरोपित।

### लिंक खोलने पर व्यक्तिगत जानकारी मांगी

शिकायतकर्ता संजय पुत्र श्याम सुंदर निवासी मोहल्ला कलां, सोनीपत ने 16 दिसंबर 2025 को थाना साइबर सोनीपत में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 13 दिसंबर 2025 को उनके मोबाइल पर एक संदिग्ध लिंक आया था। लिंक खोलने पर उनसे व्यक्तिगत जानकारी और इंटरनेट बैंकिंग का पासवर्ड मांगा गया, जिसे उन्होंने अनजाने में साझा कर दिया। इसके बाद उनके बैंक खाते से दो ट्रांजेक्शन कर कुल 93,578 रुपये योगेन्द्र नामक खाते में ट्रांसफर कर दिए गए। मामले में भारतीय न्याय संहिता की प्रासंगिक धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई।

### नकदी के साथ अन्य सामान बरामद

पुलिस ने आरोपितों के पास से 90,120 रुपये की नकदी और कोर्ट प्रक्रिया के माध्यम से बरामद राशि जब्त की है। इसके अलावा ठगी में इस्तेमाल किए गए दो मोबाइल फोन, तीन एटीएम कार्ड और तीन सिम कार्ड भी कब्जे में लिए गए हैं। गिरफ्तार आरोपितों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें और अपनी बैंकिंग जानकारी, ओटीपी या पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें। साइबर ठगी के मामलों में तुरंत नजदीकी साइबर थाना या हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई है।

### बैंकिंग विवरण के आधार पर की पहचान

थाना साइबर सोनीपत के प्रबंधक निरीक्षक बसंत कुमार के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक नवदीप, सहायक उप निरीक्षक विनीत, मुख्य सिपाही प्रदीप और सिपाही विकास की टीम ने तकनीकी विश्लेषण और बैंकिंग विवरण के आधार पर आरोपितों की पहचान की। पुलिस टीम ने झांसी और दिल्ली में दबिश देकर चारों आरोपितों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि गिरोह फर्जी लिंक भेजकर लोगों से बैंकिंग विवरण प्राप्त करता था और फिर खातों से रकम निकालकर विभिन्न खातों में ट्रांसफर करता था।



### विधायक ने 'बाल विवाह रोको रथ यात्रा' को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**राई।** सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विधायक कृष्णा गहलावत ने अपने निवास स्थान से 'बाल विवाह रोको रथ यात्रा' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रथ यात्रा पूरे सोनीपत जिले के प्रत्येक गांव में जाकर बाल विवाह जैसी कुप्रथा के खिलाफ जनजागरण करेगी और लोगों को इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करेगी। विधायक कृष्णा गहलावत ने संबोधित करते हुए कहा कि बाल विवाह समाज के लिए गंभीर सामाजिक बुराई है, जो बच्चों के भविष्य को अंधकारमय बना देती है। उन्होंने कहा कि कम उम्र में विवाह होने से बच्चों की शिक्षा बाधित होती है, स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और उनका समग्र विकास रुक जाता है। रथ यात्रा के दौरान गांव-गांव में लोगों को कानूनी प्रावधानों, बाल विवाह के दुष्परिणामों और बाल अधिकारों के बारे में जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में सुरेंद्र, जय सिंह लंबरदार (प्रीतमपुरा), राजेश लंबरदार (अटेरणा), फूल सिंह लंबरदार (जाट जोशी), कैलाश (मनोली), कर्मवीर, बिजेंद्र (नांगल कला), अमरजीत व शीलू (मेहंदीपुर), अमित (दीपालपुर), नरेंद्र, अमन, नीरज (रेवली), दीपांशु (बिंदरोली) सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### एनएसएस इकाई ने लगाया रक्तदान शिविर

**गन्नौर।** सीसीएएस जैन गर्ल्स कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा टेहा गांव लगाए गए 7 दिवसीय विशेष शिविर का रविवार को रक्तदान शिविर के साथ सम्मान हो गया। महर्षि दयानंद विश्विद्यालय कि प्रोफेसर सविता राठी ने बतौर मुख्यातिथि व विशिष्ट अतिथि टेहा गांव के समाजसेवी युवा सरपंच आशीष त्यागी ने शिरकत की। कालेज प्रिंसिपल मनोज कुमार ने बताया कि शिविर के दौरान स्वयंसेविकाएं ने गांव में स्वच्छता अभियान, जनजागरूकता रैलियाँ, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य एवं सामाजिक विषयों पर ग्रामीणों को जागरूकता किया। मुख्यातिथि प्रो. डॉ. सविता राठी ने बताया कि शिविर का उद्देश्य छात्राओं में सेवा, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना का विकास करना है। इस अवसर पर कालेज के प्रिंसिपल डॉ. मनोज कुमार, शिविर की संचालिका एनएसएस अधिकारी रजनी देवी व सह अधिकारी डॉ. समिता सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# विधायक से सड़क निर्माण की मांग

- जीटी रोड से टीडीआई व नांगल कला की तरफ जाने वाली सड़क की हालत खस्ता, विधायक ने दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

ऑल रेजिडेंट्स एसोसिएशन टीडीआई के अध्यक्ष अमित दहिया ने राई की विधायक कृष्णा गहलावत को टीडीआई एसोसिएशन की तरफ से ज्ञापन दिया। अमित दहिया ने ज्ञापन देते हुए विधायक कृष्णा गहलावत को कहा कि जीटी रोड से टीडीआई व नांगल कला की तरफ जाने वाले 60 मी रोड की खस्ता हालत हो चुकी है और उसकी तुरंत रिपेयर की आवश्यकता है। विधायक कृष्णा गहलावत ने टीडीआई एसोसिएशन के प्रधान अमित दहिया की समस्या सुनने के बाद पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से बात की।विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि इस सड़क का जल्दी ही टेंडर हो जाएगा और मार्च में क्राम शुरू हो जाएगा। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि वह राई विधानसभा में विकास की कोई भी कमी नहीं आने देगी । विधायक कृष्णा गहलावत ने टीडीआई एसोसिएशन के प्रधान अमित दहिया से कहा कि उनके घर के दरवाजे राई विधानसभा के लोगों के लिए 24 घंटे खुले हैं और अन्य कोई भी हल्के के विकास का काम हो तो वह किसी भी समय आकर उनके ध्यान में ला सकते हैं। विधायक कृष्णा गहलावत ने टीडीआई एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित दहिया को आश्वासन दिया कि जल्द ही इस सड़क का निर्माण शुरू हो जाएगा। दहिया ने टीडीआई की सभी एसोसिएशन की तरफ से विधायक का आभार व्यक्त किया।



राई। एसोसिएशन टीडीआई के अध्यक्ष अमित दहिया विधायक कृष्णा गहलावत को पत्र देते हुए ।

*शहर में चलाया जनसंपर्क अभियान, सुनी समस्याएं*

# समस्याओं का हिसाब लेगी जनता: दीवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने जनसभाओं में कहा कि आज शहर की गलियां उखड़ी हुई हैं, सीवर व्यवस्था ठप पड़ी है और मूलभूत सुविधाओं के नाम पर जनता को केवल आश्वासन मिले हैं। नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार और विकास कार्यों की अनदेखी का जवाब जनता आने वाले चुनाव में वोट की चोट से देगी। नगर निगम चुनाव को लेकर शहर के विभिन्न वार्डों में रविवार को जिला अध्यक्ष (शहरी) कमल दीवान, जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) संजीव दहिया और पूर्व विधायक सुरेंद्र पवार के नेतृत्व जनसंपर्क अभियान चलाया गया है। इस दौरान मोहल्ला मशद, ओल्ड डीसी रोड, राठधाना और देवनगर सहित विभिन्न इलाकों में सभाओं का आयोजन हुआ, जहां स्थानीय निवासियों ने अपनी समस्याएं प्रमुखता से उठाईं। अभियान की शुरुआत मोहल्ला मशद स्थित ओल्ड डीसी रोड पर श्री सत धर्म मंदिर के 175वें जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित धार्मिक संकीर्तन सम्मेलन से हुई। इस दौरान प्रेम प्रूथी और अनमोल प्रूथी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मंदिर में माथा टेककर आशीर्वाद लिया।



सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचें कांग्रेस जिलाध्यक्ष कमल दिवान, पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार का स्वागत करते हुए।

### जनसभाएं की आयोजित

इसके बाद वार्ड 9 के राठधाना गांव में मुकेश के नेतृत्व में शिव मंदिर के समीप तथा वार्ड 16 स्थित देवनगर के राजकीय विद्यालय परिसर में राजपाल प्रधान के नेतृत्व में जनसभाएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष प्रशांत शर्मा, राजेश सेवली, महासचिव अरुण सराफ और कोऑर्डिनेटर पायल मलिक सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। नेताओं ने कहा कि सोनीपत को स्वच्छ, व्यवस्थित और विकसित शहर बनाना उनका प्रमुख लक्ष्य है। अभियान में सचिव अनुज छाबड़ा, अमित मंडल, अनुज जैन व लीलू प्रधान, सोनू वर्मा, अशोक शर्मा मौजूद रहे।

### सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब हमारे गांव सशक्त होगें। उन्होंने कहा कि जब युवा कौशलयुक्त होंगे, जब महिलाएं सशक्त होंगी और पर्यावरण सुरक्षित होगा। डीसीआरयूएसटी, मुरथल में 7 दिवसीय राज्यस्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर के समापन समारोह में मख्यातिथि के तौर पर कुलपति पहुंचें थे। विश्वविद्यालय स्तरीय 7 दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) कैंप (16 फरवरी से 22 फरवरी 2026) के समापन अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं के विजेताओं की घोषणा की गई। शिविर में अलग-अलग विश्वविद्यालयों के स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।



# रक्तदान शिविर में 122 यूनिट रक्त किया एकत्रित



गन्नौर। रक्तदान शिविर में रक्तदान करते हुए क्लब के पदाधिकारी व अन्य।

**गन्नौर।** शिव पार्क में रविवार को रोटरी क्लब ऑफ गन्नौर रॉयल की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 122 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। क्लब के प्रधान प्रवीण मित्तल ने बताया कि रोटरी क्लब समय-समय पर ऐसे सेवा कार्य आयोजित करता रहता है। रक्तदान महादान है और इससे जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन मिलता है। उन्होंने सभी रक्तदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि समाज के सहयोग से ही ऐसे अभियान सफल होते हैं। प्रोजेक्ट चेयरमैन जतिन जैन और सचिन जैन ने बताया कि रक्त की कमी के चलते कई बार मरीजों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है। क्लब के सचिव नितिन बंसल ने कहा कि रक्तदान के प्रति जागरूकता और प्रोत्साहन से ही अधिक से अधिक लोग इस पुनीत कार्य से जुड़ते हैं। शिविर में कैशियर नितिन जैन, मुकुल बंसल, संदीप वर्मा, अजय त्यागी, सागर बत्रा, गौरव जैन, अनिल जैन, अंकित गोयल, सचिन वाधवा सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय सहयोग किया। रक्तदान करने वाले युवाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।



### निशान यात्रा भक्ति, सेवा और एकता का प्रतीक वही समाज में फैलाती सकारात्मक ऊर्जा : रानी

**गन्नौर।** श्री सांवरिया परिवार सेवा समिति, द्वारा भव्य निशान यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान की धर्मपत्नी एवं समाजसेविका रानी कादियान ने शिरकत की। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर यात्रा का शुभारंभ किया और हाथ में निशान लेकर श्याम भक्तों के साथ यात्रा में शामिल हुईं। श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के भजनों पर गुलाल उड़ाते हुए आनंद और भक्ति का रंग बिखेरा। बतौर मुख्यातिथि रानी कादियान ने कहा कि निशान यात्रा श्रद्धा, सेवा और एकता का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में भाईचारा, सहयोग और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। रानी कादियान ने कहा कि बाबा श्याम के प्रति भक्ति और सच्चे मन से की गई अरदास निश्चित रूप से मनोकामनाओं को पूरा करती है। पूर्व पार्षद अंकित मल्होत्रा ने समिति के सभी पदाधिकारियों को आयोजन के लिए बधाई दी। इससे पहले, आयोजकों ने मुख्य अतिथि रानी कादियान का फूलमाला से स्वागत किया और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं आज सोमवार को शहर की छोटी मंडी में आयोजित होने वाले श्री श्याम भव्य संकीर्तन महोत्सव में कई कलाकार बाबा श्याम की महिमा का बखान करेंगे। कार्यक्रम में भक्तों द्वारा भजन, कीर्तन और नृत्य के माध्यम से श्याम प्रेम का जश्न मनाया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व पार्षद अंकित मल्होत्रा, ब्लॉक समिति अध्यक्ष अनिल कुमार, प्रदीप बेदी, राजेश चौहान, सुदेश धनखड़, भावना देवी, स्वाति चौहान, प्रदीप बेदी, राजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

### मुरथल विवि में कर्मियों का आज प्रदेशभर के विवि करेंगे समर्थन

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल में लंबित मांगों को लेकर कर्मचारी यूनियन का 30 जनवरी से अनिश्चितकालीन धरना जारी है। यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि अखिल हरियाणा विश्वविद्यालय फेडरेशन के चेयरमैन चरणदास अटवाल सहित प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों से कर्मचारी यूनियनों के प्रतिनिधि सोमवार 23 फरवरी को धरने पर पहुंचकर कर्मचारियों की मांगों का समर्थन करेंगे। धरनास्थल पर कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाने के साथ विश्वविद्यालय प्रबंधन से बैठक कर मांगों पर चर्चा करेंगे। इस बारे में यूनियन की ओर से विश्वविद्यालय प्रबंधन को सूचना दे दी गई है। यूनियन के प्रधान सुरेश कुमार ने बताया कि सूचना पर कुलपति ने रविवार 22 फरवरी को छुट्टी के दिन आनन-फानन में दावा किया है कि कर्मचारियों की सभी मांगें पूरी कर दी गई हैं। उनका कहना है कि सेवा नियमों को सरकार को भेजा गया है, पक्की भर्तियों के लिए पत्र लिखकर सरकार से मंजूरी मांगी हैं। मकान आवंटन विश्वविद्यालय नियमों के अनुरूप किए गए हैं, अन्य लंबित मांगों के लिए कमेटियां बना दी गई हैं। यूनियन का आरोप है कि कुलपति हमेशा से ही ऐसे मिनट्स निकाल देते हैं, लेकिन धरातल पर कोई भी काम नहीं होता है। यूनियन की स्पष्ट मांग है कि उनकी हर एक मांग के लिए एक तय समय सीमा निर्धारित की जाए, ताकि यह पता चल सके कि कौन सा काम कब पूरा होगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

कार्यक्रम — डॉ. अरविंद शर्मा ने गांव गुहणा में शहीद लांस नायक हवासिंह की प्रतिमा का किया लोकापर्ण

# देश सेवा के लिए प्रेरित करता है शहीदों का बलिदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि शहीदों का बलिदान हमें देश के लिए प्रेरित करता है। वीर जवानों के बलिदान और सीमाओं पर मुस्तैद हमारे जवानों की बदौलत हमारा देश सशक्त हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की केन्द्र सरकार व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व की प्रदेश सरकार निरन्तर जवानों के उत्साहवर्धन एवं उनके प्रति सम्मान को बढाने की दिशा में काम कर रही है। रविवार को कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा गोहाना विधानसभा के गांव गुहणा में पहुंचे, जहां उन्होंने वर्ष 1965 जंग के शहीद लांसनायक हवा सिंह के शहीद स्थल व उनकी आदमकद प्रतिमा का लोकार्पण करते हुए राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। उन्होंने कहा कि हमारे वीर जवानों की बदौलत देश की सीमाएं सुरक्षित हैं और आज देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक विकसित भारत का संकल्प ले चुका है। वर्ष 2014 के बाद से देश में केंद्र, प्रदेश सरकारों द्वारा सैनिकों के सम्मान में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। दशकों पुरानी वन रैंक-वन पेंशन की मांग को मजबूत इच्छाशक्ति के साथ पूरा किया गया।



गोहाना। शहीद सैनिक की प्रतिमा का लोकार्पण करते हुए मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा।

### शहीद तेज सिंह की प्रतिमा बनवाने की घोषणा की

हरियाणा वीरों की धरती है, जहां हर दसवां जवान सेना में है। एक पूर्व सैनिक द्वारा बताया गया कि फरमाणा गांव में शहीद तेज सिंह की प्रतिमा खंडित हो चुकी है। इस पर कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने अपने कोटे से शहीद तेज सिंह की प्रतिमा बनवाने की घोषणा की। इस मौके पर गोहाना भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र मलिक, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप सांगवान, पूर्व विधायक सुखबीर फरमाणा, गहलावत खाप प्रधान दयानंद गहलावत, हुड्डा खाप प्रधान ओमप्रकाश हुड्डा, नरेन्द्र गहलावत, सरपंच मंजू, सरपंच प्रतिनिधि राकेश, जसबीर दोदवा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण, पूर्व सैनिक एवं जाट रेजिमेंट के अधिकारी उपस्थित रहे।

### सवा करोड़ के विकास का शिलान्यास

सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने गांव गुहणा में सवा करोड़ रुपए के विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। सबसे पहले शहीद हवा सिंह के 20.65 लाख रुपए की लागत से तैयार प्रतिमा स्थल का उद्घाटन व उनकी आदमकद प्रतिमा का लोकार्पण किया। इसके उपरांत 17.82 लाख रुपए की लागत से जाटू वाला तालाब की चारदीवारी का निर्माण व मुख्य रास्ते से देवीलाल के मकान तक गली निर्माण का उद्घाटन किया। इसके उपरांत कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने 55 लाख 50 हजार रुपए की लागत से बनने वाले सब हेल्थ सेंटर व 16.43 लाख रुपए की लागत से बनने वाली एससी चौपाल का शिलान्यास किया। मंत्री ने कहा कि गांव में पीने के पानी की किल्लत को दूर करने के लिए 80 लाख रुपए मंजूर करते हुए टेंडर लगाया जा चुका है। उन्होंने एससी चौपाल निर्माण के लिए 11 लाख रुपए व शहीद स्थल की देखरेख के लिए 1 लाख रुपए देने की घोषणा की। डॉ. अरविंद शर्मा ने गोहाना विधानसभा के गांव गुहणा के बूथ संख्या 188 पर पार्टी कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों के संग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 131वें संस्करण को सुना।